दिनांक-16.07.2021
स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई
सफाई व्यवस्था को दुरूस्त बनाने तथा मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए जोन आयुक्त ने अपने-अपने क्षेत्रों में किया मॉर्निंग विजिट

भिलाईनगर / भिलाई निगम क्षेत्र में मौसमी बीमारियों की रोकथाम, मूलभूत समस्याओं के निराकरण तथा साफ सफाई व्यवस्था की सतत मॉनिटरिंग के लिए निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने सभी जोन आयुक्तों को मॉर्निंग विजिट करने के निर्देश दिए है , जिसके परिपालन में जोन आयुक्त प्रातः अपने क्षेत्रों का दौरा किए। नेहरू नगर के जोन आयुक्त मनीष गायकवाड़ ने प्रातः क्षेत्र की सफाई व्यवस्था देखी, सड़क किनारे झिल्ली, पन्नी के कचरे के उठाव के निर्देश दिए। जोन क्षेत्र के सभी उद्यानों में सफाई बनाए रखने कहा। इसके पश्चात कांट्रेक्टर कॉलोनी पहुंचे जहां जोन स्वास्थ्य अधिकारी के साथ निरीक्षण करते हुए बोरिंग, हैण्डपंप के आस पास सदैव सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। वैशाली नगर की जोन आयुक्त पूजा पिल्ले ने वार्ड में चल रहे नाली सफाई का निरीक्षण किया तथा कुछ स्थानों पर स्वयं खड़े होकर सफाई करवाई। उन्होंने जोन स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि कहीं भी नाली अतिक्रमण कर स्लैब, सीढ़ी बनाने वाले के विरूद्ध तोड़फोड़ की कार्यवाही करें , नाली जाम होने की स्थिति न बने। जोन आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान वार्ड 17 वृन्दानगर में सामुदायिक शौचालय में बिजली , पानी और नियमित सफाई रखने के निर्देश दिए इसके पश्चात डंप साइट का निरीक्षण किया! मदर टेरेसा नगर की जोन आयुक्त प्रीति सिंह ने प्रातः निरीक्षण के दौरान डेंगू नियंत्रण अभियान के तहत कार्यों को देखने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ वार्ड का दौरा किए। उन्होंने घर-घर कूलर में भरे हुए पानी को साफ कराने, टेमिफॉस का छिड़काव , टेमिफॉस का वितरण , जलजमाव वाले स्थानों पर मलेरिया ऑयल का छिड़काव कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान डोर टू डोर कचरा कलेक्शन और सड़को की सफाई कार्य को सुबह निर्धारित समय में करने के निर्देश दिए। जोन आयुक्त प्रीति सिंह ने वार्ड 21 आदर्श नगर, बापू चौक के नागरिकों से पेयजल, सफाई और टेमिफास वितरण को लेकर फीडबैक लिए। उन्होंने पॉवर हाउस सब्जी मण्डी का निरीक्षण भी किया और बाजार क्षेत्र में दिन तथा रात्रि दोनों पालियों में सफाई व्यवस्था को सतत रूप से बनाए रखने कहा। मॉर्निंग विजिट में बाजार में दुकान के बाहर तक पसरा लगाने तथा दुकान के आगे सड़क तक सामान रखने वालों को दुकान के भीतर सामान रखने समझाइश दी। गौरतलब है कि कलेक्टर एवं भिलाई निगम के प्रशासक डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने निगम के अधिकारियों को प्रातः निरीक्षण करने के निर्देश दिए है। इसके परिपेक्ष में निगम आयुक्त श्री रघुवंशी के निर्देश पर जोन आयुक्त अपने-अपने क्षेत्रों का भ्रमण कर रहे हैं और मूलभूत सुविधाओं , समस्याओं एवं शिकायतों का फील्ड में निराकरण कर रहे हैं। क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था एवं निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेकर आवश्यक निर्देश दे रहे हैं।

जनसम्पर्क अधिकारी